हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार 27 अप्रैल 2026
[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]




**नियम एवं शर्तें :-** ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है । ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन ) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे । ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी । ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं । ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते ।

आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें

हरिभूमि कार्यालय : पुजारी पार्क के सामने, पचपेढ़ी नाका रोड, टिकरापारा रायपुर
फोन : 0771-4242238, मो. 8224868411, 8319145740

**खबर संक्षेप**

### युवक पर जानलेवा हमला हथियार जब्त, दो गिरफ्तार

**कांकेर।** थाना लोहत्तर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम तुमरीसुर में बिति देर रात एक युवक पर अज्ञात हमलावरों ने जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। घायल युवक को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल कांकेर में भर्ती कराया गया है, जहाँ उसका उपचार जारी है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। प्रार्थी तुमरीसुर निवासी 32 वर्षीय लालजी पुड़ो शुक्रवार 24 अप्रैल की रात अपने बड़े पिता की लड़की की शादी में शामिल होने गया था। रात करीबन 12 बजें जब शादी समारोह से वापस अपने घर लौट रहा था, तभी घर के मेन गेट के पास पहले से घात लगाए बैठे दो अज्ञात व्यक्तियों ने पकड़ लिया। आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से धारदार हथियार से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में सिर, बाएं गाल और बाएं हाथ पर गंभीर चोटें आईं। हमले के बाद मै जमीन पर गिर गया, जिससे मुझे मरा हुआ समझकर आरोपी मौके से फरार हो गए। हिम्मत जुटाकर पड़ोसियों को आवाज दी। मौके पर पहुँचे पड़ोसी और परिजनों ने तत्काल एम्बुलेंस बुलाकर पहले दुर्गुकोंदल अस्पताल पहुँचाया। प्राथमिक उपचार के बाद, स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डॉक्टरों ने जिला अस्पताल कांकेर रिफर कर दिया।

34 करोड़ का प्रस्ताव छग शासन को भेजा गया, अब निगाहें प्रशासनिक स्वीकृति पर टिकीं

# बढ़ते ट्रैफिक दबाव के बीच फोरलेन सड़क की मांग तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगर पंचायत नगरी में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को देखते हुए अब फोरलेन सड़क की मांग ने जोर पकड़ लिया है। बजरंग चौक से लेकर पुराने पेट्रोल पंप होते हुए हरदीभाठा चौक तक का मार्ग अत्यधिक व्यस्त और संकुचित हो चुका है, जिससे आए दिन जाम की स्थिति बन रही है।

नगरवासियों की लंबे समय से चली आ रही इस मांग को ध्यान में रखते हुए लोक निर्माण विभाग नगरी द्वारा लगभग 34 करोड़ रुपये की लागत से फोरलेन सड़क निर्माण का प्रस्ताव छत्तीसगढ़ शासन को भेजा गया है। इस प्रस्ताव को वर्ष 2026 के मूल बजट में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा शामिल किए जाने की जानकारी सामने आई है। अब नगरवासियों की निगाहें इस परियोजना की प्रशासनिक स्वीकृति पर टिकी हुई हैं।

यह मार्ग नगरी का सबसे महत्वपूर्ण और व्यस्त इलाका माना जाता है। इसी सड़क पर ग्रामीण बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, एचडीएफसी बैंक, तहसील कार्यालय, शासकीय अस्पताल, जनपद कार्यालय, शिक्षा विभाग का दफ्तर और रावणभाठा धरना स्थल स्थित है। इन संस्थानों के कारण प्रतिदिन यहां भारी भीड़ रहती है, विशेषकर किसानों और ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों की संख्या अधिक रहती है।





### मंत्रियों, जनप्रतिनिधियों से उम्मीद

अब नगरवासी प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, सिहावा विधायक अंबिका मरकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, जनपद अध्यक्ष महेश गोटा, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस और प्रशासन से उम्मीद लगाए बैठे हैं कि जल्द ही इस महत्वपूर्ण परियोजना को स्वीकृति देकर कार्य प्रारंभ कराया जाएगा, ताकि नगरी को इस गंभीर ट्रैफिक समस्या से राहत मिल सके।

### अव्यवस्थित पार्किंग से बढ़ी परेशानी

स्थिति तब और गंभीर हो जाती है जब नगर में कोई बारात, रैली या बड़ा आयोजन होता है। हाल ही में एक ट्रक द्वारा गलत दिशा में वाहन मोड़ने के कारण बजरंग चौक पर करीब सैकड़ों वाहनों की लंबी कतार लग गई, जिससे आम नागरिकों, स्कूली बच्चों, शिक्षकों और कर्मचारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सड़क किनारे अव्यवस्थित पार्किंग और लगातार बढ़ती वाहनों की संख्या दुर्घटनाओं का भी खतरा बढ़ा रही है। ऐसे में फोरलेन सड़क निर्माण को नगर के विकास और सुगम यातायात के लिए बेहद आवश्यक माना जा रहा है।

# बोराई क्षेत्र में बिजली संकट गहराया

- लो वोल्टेज से नहीं चल पा रहे पंप, पेयजल के लिए भटक रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



ग्राम बोराई एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। पिछले कई महीनों से लगातार लो वोल्टेज और बार-बार बिजली गुल होने की समस्या के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे गंभीर स्थिति यह है कि नल-जल योजना से जुड़े कनेक्शनों में पर्याप्त वोल्टेज न मिलने के कारण पानी की आपूर्ति बाधित हो गई है, जिससे लोग इस भीषण गर्मी में पानी के लिए तरस रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि बिजली की कमी के चलते न तो पंखे चल पा रहे हैं और न ही कूलर, जिससे गर्मी में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बोराई क्षेत्र के कई गांव घने जंगलों से घिरे हुए हैं, जहां शाम होते ही अंधेरा छा जाता है। ऐसे में जंगली जानवरों का खतरा बढ़ जाता है। रात के समय बिजली न होने के कारण घर से बाहर निकलना भी जोखिम भरा हो जाता है।

क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति सुधारने के उद्देश्य से सबस्टेशन (सब सेंटर) का निर्माण कार्य शुरू किया गया था, लेकिन विगत दो वर्षों से यह कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। इस संबंध में विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारी बी. सिंह कंवर ने हाल ही में सब स्टेशन स्थल का निरीक्षण किया और अधूरे कार्य को शीघ्र पूर्ण करने तथा क्षेत्र में नियमित विद्युत आपूर्ति करने के निर्देश दिए थे।

### शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं

मैनपुर, घुटकेल, बोराई, मोतीमढ़ी सहित आसपास के कई गांवों में हर वर्ष गर्मी के मौसम में बिजली की समस्या बनी रहती है। ग्रामीणों का आरोप है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद विभागीय अधिकारी इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बिजली संकट का असर बच्चों की पढ़ाई पर भी पड़ रहा है। छात्र-छात्राएं रात में अंधेरे के कारण पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं, जिससे उनकी शिक्षा प्रभावित हो रही है।

ग्रामीणों ने जल्द से जल्द विद्युत व्यवस्था सुधारने और अधूरे सब-स्टेशन कार्य को पूरा करने की मांग की है। इस दौरान सरपंच माखनलाल सलाम, जनपद सदस्य सोनराज वट्टी, वीरेंद्र यादव, गुमान सिंह, समरथ चैन सिंह सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# पूर्व विधायक ने किया बोराई क्षेत्र का दौरा बिजली व्यवस्था सुधारने का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



बोराई क्षेत्र में विद्युत एवं अन्य बुनियादी समस्याओं को लेकर जनजीवन प्रभावित होने की खबरों के बीच क्षेत्र की पूर्व विधायक डा. लक्ष्मी ध्रुव ने बोराई पहुंचकर जमीनी हालात का जायजा लिया। दौरे के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों से शीघ्र समाधान कराने का आश्वासन दिया।

पूर्व विधायक ने क्षेत्र में लंबे समय से बनी लो वोल्टेज और बिजली कटौती की समस्या पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि विद्युत व्यवस्था को जल्द दुरुस्त करना आवश्यक है, ताकि लोगों को गर्मी के मौसम में राहत मिल सके। अन्य बुनियादी समस्याओं को लेकर वे प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा कर समाधान की दिशा में पहल बात कही। दौरे के लक्ष्मी ध्रुव ने बोराई के साप्ताहिक बाजार का भी निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बाजार में मौजूद व्यापारियों और ग्रामीणों से बातचीत कर उन्होंने उनकी जरूरतों और समस्याओं को समझा।

इस अवसर पर आदिवासी कांग्रेस नेता मनोज साक्षी, जनपद सदस्य सोनराज वट्टी, राजेश ठाकुर, बल्लू पटेल, कैलाश जैन विधायक प्रतिनिधि, सरपंच माखनलाल सलाम, सरपंच सुरेंद्र कुमार नेताम, सरपंच कुसुमलता समरथ, सरपंच राधा नेताम, वीरेंद्र यादव, विष्णु कुमार टंडन, चैन सिंह गहने सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# तालाब निर्माण एवं टैंकर सुविधा से जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा

- इर्रा में नए तालाब निर्माण के लिए भूमिपूजन, पेयजल टैंकर का भी हुआ लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)





जनपद पंचायत कुरूद अंतर्गत ग्राम पंचायत इर्रा में मोर गांव मोर पानी मोर तरिया महा अभियान के तहत विकास कार्यों की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। मोर तरिया आए के जरिया आजीविका डबरी) योजना के तहत 17 लाख 99 हजार रुपये की लागत से नए तालाब निर्माण की स्वीकृति मिली है। जनपद पंचायत कुरूद अध्यक्ष श्रीमती गीतेश्वरी साहू ने भूमिपूजन किया। इसके साथ ही जनपद अध्यक्ष द्वारा 15वें वित्त आयोग मद से पेयजल समस्या के निराकरण के लिए उपलब्ध कराए गए टैंकर का भी लोकार्पण किया।

कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री रामस्वरूप साहू, भावप्रकाश साहू, संजय साहू, राजकुमार आसनी, जगतराम साहू, कोरबा राम साहू, सरपंच सूर्यकांत साहू, उपसरपंच यामिनी साहू, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष योगेश कुमार साहू एवं वार्ड पंच सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# क्षेत्र में होंगे विकास कार्य, आयोग से राशि जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी





सभापति जिला पंचायत कुलेश्वरी गायकवाड़ ने 15 वें वित्त से अपने क्षेत्र के विकास कार्य के लिए राशि स्वीकृत कराई है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विधायक कुरुद अजय चंद्राकर के नेतृत्व में क्षेत्र का विकास हो रहा है। जहां ट्रिपल इंजन की सरकार है, वहां विकास की गंगा बहेगी। ग्राम पंचायत कचना में पक्की नाली निर्माण मिडिल स्कूल से संतोष साहू घर तक 100000 रुपए, सिंटेक्स चबूतरा निर्माण अंबेडकर चौक कचना 150000, सीसी रोड निर्माण ललिता घर से शिशु मंदिर तक 200000, ग्राम खपरी में पक्की नाली निर्माण उदय बघेल घर से तालाब तक 130000 रुपए, ग्राम खपरी में रेलिंग मरम्मत सौंदर्यीकरण, जैतखाम के पास गुरु घासीदास चौक खपरी एक लाख रुपए की स्वीकृति , खपरी में रंगमंच निर्माण बाजार चौक खपरी 200000 , गातापार अ पक्की नाली निर्माण नानक घर से शिव मंदिर गली तक 210000 , गातापार अ में सीसी रोड निर्माण नानक तारा घर से शिव मंदिर तक 300000, आलेखुंटा में स्कूल भवन से रोड सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 150000, ग्राम आलेखुंटा में बोर खनन 100000, अटंग में बैटरी चलित ई रिक्शा 3 लाख, अटंग में ट्रैक्टर चलित पानी टैंकर स्वीकृति 250000, सिलीडीह में ट्रैक्टर चलित पानी टैंकर क्रय 250000, जीजामगांव में सतनाम भवन में अहाता निर्माण के लिए 200000, जीजामगांव में पक्की नाली निर्माण माखन चंद्राकर घर से रमाकांत करसायल घर तक 210000, जीजामगांव में वार्ड नंबर 20 बोर खनन पाइपलाइन विस्तार के लिए 200000 की राशि स्वीकृति की गई है।

# मकई गार्डन-चौपाटी का प्रवेश द्वार मलबा से बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

- तालाब तक निकासी पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदे गए गड्ढे अब तक नहीं भरे गए
- कांग्रेस ने गड्ढे में पेड़-पौधे लगाकर निगम प्रशासन के खिलाफ जताई नाराजगी



शहर के घड़ी चौक स्थित मकई गार्डन एवं चौपाटी का प्रवेश द्वार पिछले एक सप्ताह से अधिक समय से बंद होने के कारण आम नागरिकों और व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तालाब तक निकासी पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदे गए गड्ढे का कार्य अब तक पूरा नहीं होने से क्षेत्र में असुविधा की स्थिति बनी हुई है।

इस समस्या को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष योगेश शर्मा और गौतम वाधवानी, नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर सहित कांग्रेस नेताओं ने कार्य स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान स्थानीय व्यापारियों ने अपनी समस्याएं बताते हुए कहा कि प्रवेश बंद होने के कारण उनका व्यवसाय पूरी तरह प्रभावित हो गया है। वहीं गर्मी की छुट्टी में गार्डन आने वाले बच्चे और महिलाएं भी इससे वंचित हो रहे हैं।

मौके पर सलीम तिगाला, चंदन रजक, मुकेश ध्रुव, अमित बाघमारिया, श्रवण कुमार, अविनाश मरोठे, वीरू महाजन, राकेश मौर्या, जैनुद्दीन रिजवी, राजू शेख, नवीन गजेंद्र, शंकर माखीजा, ज्ञानचंद सिन्हा, अयान हाशमी, चित्रांश रजक, जय गिदवानी, शैलेंद्र दीवान, कन्हैया सोनी, रुद्रा साहू, दीपक साहू, महेश यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही कार्य पूरा कर आमजन के लिए मार्ग नहीं खोला गया तो आगे आंदोलन किया जाएगा।

### फैली गिट्टी और रेत से दुर्घटना की आशंका

निरीक्षण के दौरान कांग्रेस नेताओं ने निगम प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि छोटे से कार्य को पूरा करने में इतना समय लगना प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े करता है। यदि ऐसे ही हालात रहे तो बड़े विकास कार्यों की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। विरोध जताने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गड्ढे में प्रतीकात्मक रूप से पेड़-पौधे लगाकर हमारी भूल, कमल का फूल लिखकर निगम प्रशासन के खिलाफ नाराजगी व्यक्त की। नेताओं ने कहा कि सड़कों पर फैली गिट्टी और रेत से दुर्घटना की आशंका बनी हुई है, जिसकी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए।

# 173 करोड़ की सोंढूर नहर विस्तार योजना को मिली रफ्तार, परियोजना पर कलेक्टर सभाकक्ष में बैठक

- 17 किमी नहर निर्माण से सैकड़ों किसानों को मिलेगा लाभ, योजना के शीघ्र क्रियान्वयन पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



क्षेत्र के किसानों के लिए बहुप्रतीक्षित सोंढूर नहर विस्तार योजना को लेकर प्रशासनिक स्तर पर गतिविधियां तेज हो गई हैं। नगरी से दुगली गट्टासिल्ली तक प्रस्तावित लगभग 17 किलोमीटर लंबी नहर निर्माण के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 173 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान किए जाने के बाद परियोजना को लेकर गंभीर पहल शुरू हो गई है।

इसी क्रम में कलेक्टर सभाकक्ष में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अपर कलेक्टर एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों के मार्गदर्शन में किसान संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में परियोजना की स्वीकृति, कार्य की रूपरेखा (प्रोजेक्ट प्लान), निर्माण की समयसीमा, तकनीकी पहलुओं तथा किसानों को होने वाले लाभों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। अधिकारियों ने बताया कि इस नहर विस्तार योजना के पूर्ण होने से क्षेत्र के सैकड़ों किसानों को सिंचाई की बेहतर सुविधा मिलेगी, जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि होने के साथ-साथ किसानों की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी।

### योजना के शीघ्र क्रियान्वयन पर जोर

किसान संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों ने योजना के शीघ्र क्रियान्वयन पर जोर देते हुए कार्य में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता बनाए रखने की मांग रखी। साथ ही उन्होंने निर्माण कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का आग्रह किया, ताकि किसानों को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके।

बैठक में सरपंच उत्तम नेताम, रामकुमार समरथ, रुपेश मरकाम, विकास नेताम, रमेश मंडावी, दुर्गा कोड़ोपी, अनीता मरकाम, दुर्गा दर्रा, गजेंद्र मंडावी, कांति नेताम, मानकी बाई सहित क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। अध्यक्ष ने बताया कि सभी ने इस महत्वपूर्ण परियोजना के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रशासन को सहयोग देने की बात कही।



# युवा फेस्ट 2026 में रूपेंद्र ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

युवा फेस्ट धमतरी 2026 में द गोल्डन स्टार नाइट म्यूजिकल ग्रुप राजिम के डायरेक्टर और छग के लीजेंड सिंगर रूपेंद्र साहू ने समां बांध। सबसे पहले उन्होंने देवी आराधना का जस गीत जय सरमंगला दाई की प्रस्तुति दी। फिर जय सेवा बोलो, जब हर-हर भोला, जेहर धरे तीर कमान बस्तरिया करमा को करीने से पेश किया तो युवाओं के साथ व्यवस्था देखने वाले अधिकारी भी झूमने लगे। मंच संचालन की जिम्मेदारी कवि निरंजन साहू ने संभाली।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धमतरी शहर-02 की नई कार्यकारिणी को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धमतरी शहर-02 की नई कार्यकारिणी को प्रदेश स्तर से अनुमोदन प्राप्त हो गया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारिणी चन्द्राकर ने इस संबंध में ब्लॉक अध्यक्ष योगेश शर्मा को पत्र जारी कर जानकारी दी है।

संगठन सृजन अभियान के तहत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर-02 की संगठनात्मक मजबूती और आगामी गतिविधियों को गति देने के उद्देश्य से नई कार्यकारिणी का गठन कर प्रस्तावित सूची जिला कांग्रेस कमेटी को भेजी गई थी। इस सूची को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्रेषित किया गया, जहां प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा इसे स्वीकृति प्रदान की गई। अनुमोदित कार्यकारिणी में योगेश शर्मा को अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं अमित बाघमारिया को कोषाध्यक्ष, घनाराम सोनी, आशुतोष खरे, नवीन गजेन्द्र, तरुण रॉय, रमेश देवांगन और राजा जाचक को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा रूद्रा साहू, ललित राठौर, हरीश साहू, भागी ध्रुव, दुष्यंत घोरपड़े, जितेन्द्र साहू, मोहन ध्रुव और अभिषेक ठाकुर को महामंत्री बनाया गया है।

कार्यकारिणी सदस्यों सन्नी देवांगन, गेवेन्द्र देवांगन, खूबलाल मीनपाल, अनिल लहरे, मोनू सिन्हा, भोजराज यादव, मनीषा पटेल, डेमन सोनकर, विजय सोनकर और प्यारेलाल ढीमर को सचिव पद की जिम्मेदारी दी गई है। ईश्वर सिन्हा, साधुराम भोयर, कैलाश नाग, रवि बग्गा, सलमान खान और शांता तारक को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारिणी चन्द्राकर ने ब्लॉक अध्यक्ष से अनुरोध किया है कि वे सभी पदाधिकारियों को सूचित कर संगठनात्मक गतिविधियों को गति प्रदान करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करें। उन्होंने नई कार्यकारिणी से संगठन को मजबूत बनाने की अपेक्षा जताई है। इस संबंध में विधायक ओंकार साहू, संगठन प्रभारी सकलेन कामदार, विनोद तिवारी एवं कैलाश प्रजापति को भी सूचनार्थ प्रतिलिपि प्रेषित की गई है।

### ग्रामीण विद्यार्थियों की निखर रही प्रतिभा

**नगरी।** ग्राम सांकरा में 23 से 26 अप्रैल तक समर कैंप 2026 का आयोजन महानदी एकेडमी नगरी एवं महानदी किड्स के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। सीबीएसई संबद्ध विद्यालय द्वारा की गई इस पहल को ग्रामीण विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक अवसर के रूप में देखा जा रहा है। समर कैंप का शुभारंभ स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने किया। इस अवसर पर सरपंच नागेन्द्र बोरझा, जनपद सदस्य राजेश गोसाई, सोसायटी अध्यक्ष गिरिवर भंडारी, संचालन मंडल के सदस्य मोहन नाहटा, निकेश ठाकुर, अहमद रजा, अजय छाजेड़ एवं शशांक सलाम उपस्थित थे। समर कैंप का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों को अवकाश अवधि के दौरान गुणवत्तापूर्ण, व्यवहारिक एवं रोचक शिक्षा प्रदान करना है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130







## खबर संक्षेप

### कृषि दवा विक्रेताओं की हड़ताल आज

**धमतरी।** खाद एवं कृषि दवाई, बीज विक्रेता संघ धमतरी द्वारा विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर 27 अप्रैल को एकदिवसीय सांकेतिक हड़ताल की घोषणा की गई है। इस दौरान जिले के सभी कृषि आदान व्यापारी अपने प्रतिष्ठान बंद रखेंगे और जिलाधीश को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग करेंगे। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन नई दिल्ली के आह्वान पर देशभर के लगभग 5 लाख व्यापारी इस हड़ताल में शामिल हो रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि पिछले कई वर्षों से वे विभिन्न समस्याओं का सामना कर रहे हैं, जिन पर केंद्र और राज्य सरकार द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

### इंडी गठबंधन का पुतला दहन आज

**धमतरी।** भारतीय जनता पार्टी जिला एवं शहर मंडल धमतरी द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर इंडी गठबंधन के रुख के विरोध में आक्रोश प्रदर्शन किया जाएगा। पार्टी के अनुसार लोकसभा में इस अधिनियम को गिराए जाने से विपक्ष का महिला विरोधी चेहरा उजागर हुआ है। इसी विषय को लेकर मंडल स्तर पर आक्रोश व्यक्त करते हुए पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन 27 अप्रैल सोमवार को शाम 5 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज चौक धमतरी में किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए भाजपा शहर मंडल धमतरी के अध्यक्ष पवन गजपाल, महामंत्री द्वय गौरव मगर एवं राजीव चंद्राकर तथा भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष पूजा कुंजाम ने सभी से उपस्थिति की अपील की है।

### नगरी में गौ सम्मान रैली आज

**नगरी।** गौसम्मान अभियान के तहत 27 अप्रैल को नगरी में तहसील स्तर पर जनजागरण रैली आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे राजाबाड़ा स्थित दंतेश्वरी मंदिर से होगी, जहां अल्पाहार के बाद 10:30 बजे रैली तहसील कार्यालय के लिए रवाना होगी। रैली में भजन-कीर्तन के साथ शांतिपूर्ण तरीके से जनभागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। अभियान के तहत राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम 11 हजार हस्ताक्षरों सहित ज्ञापन सौंपा जाएगा, जिसमें गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने, गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध और गौवंश के लिए चारा-पानी की समुचित व्यवस्था की मांग की जाएगी। अभियान से जुड़े शिव शंकर साहू ने बताया कि यह देशव्यापी जनजागरण पहल है, जिसमें साधु-संत, गौपालक, गौसेवक और समाज के विभिन्न वर्ग शामिल होंगे। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से रैली में शामिल होने या मिस्ड कॉल के माध्यम से समर्थन देने की अपील की है।

# मंडी उपनिरीक्षक परीक्षा में 6874 अभ्यर्थी हुए शामिल, 2939 अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित कृषि विपणन (मंडी) उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा रविवार को जिले में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा के लिए धमतरी शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में कुल 41 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इन केंद्रों में बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, हालांकि कई परीक्षार्थी अनुपस्थित भी रहे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस परीक्षा के लिए कुल 9813 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 6874 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 2939 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रशासन द्वारा दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में भी परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, ताकि अधिक से अधिक अभ्यर्थियों को सुविधा मिल सके। इसके बावजूद कुछ परीक्षार्थी समय पर केंद्र तक नहीं पहुंच सके और उन्हें वापस लौटना पड़ा।

परीक्षा का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक निर्धारित था। अभ्यर्थियों को सुबह 9:30 बजे तक परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया। परीक्षा में प्रवेश के लिए प्रवेश पत्र के साथ आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस या मतदाता पहचान पत्र जैसे वैध दस्तावेज अनिवार्य किए गए थे। परीक्षा से पहले ड्रेस कोड सहित सभी आवश्यक दिशा-निर्देश अभ्यर्थियों को उपलब्ध करा दिए गए थे।

**धमतरी शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में कुल 41 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे**



#### जिले में परीक्षा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुई

परीक्षा में सामान्य ज्ञान, गणित और छत्तीसगढ़ से संबंधित विषयों के प्रश्न पूछे गए। प्रश्नपत्र में तर्कशक्ति, गणना आधारित सवाल और राज्य से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों को शामिल किया गया था। कुछ प्रश्नों में गणितीय गणना और सामान्य अध्ययन के साथ-साथ छत्तीसगढ़ की राजनीति, खेल और इतिहास से जुड़े प्रश्न भी शामिल रहे। पूरे जिले में परीक्षा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुई। प्रशासन और परीक्षा केंद्रों पर तैनात अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का सुचारू संचालन किया।

### 5 महिला केंद्रीय कारावास तथा 17 पुरूष जिला जेल दाखिल

# वन्य जीवों के प्राकृतिक वास नष्ट करने वाले 22 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में वनों की कटाई कर अतिक्रमण करने वाले 22 आरोपियों को वन विभाग ने गिरफ्तार किया है जिनमें 17 पुरूष तथा पांच महिला शामिल हैं। इस प्रकरण में शेष 25 आरोपी फरार हैं, जिसकी पतासाजी की जा रही है।

टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन ने बताया कि टाइगर रिजर्व अंतर्गत वन परिक्षेत्र सीतानदी, परिसर के नकबोल घोटबेड़ा कोर क्षेत्र के आरक्षित वन कक्ष क्रमांक 322 एवं 323 में आरोपी बसंतकुमार पिता फरसराम यादव एवं 46 अन्य लोगों ने बिना अनुमति के हथियार सहित प्रवेश किया। अतिक्रमण के उद्देश्य से 20.608 हेक्टेयर वनभूमि में स्थित साल, इमारती मिश्रित प्रजाति के 86 वृक्षों, छोटे बड़े पौधो एवं हरे छिंद सालों की कटाई, सफाई करने, छग का राजकीय पशु वनभैंसा, बाघ, हाथी, तेंदुआ एवं अन्य वन्यजीवों के प्राकृतिक वास एवं विचरण क्षेत्र को नष्ट करने, झोपड़ी बनाकर तथा आग जलाकर निवास करने आदि साक्ष्य के आधार पर वन अपराध कृत्य में संलिप्त 22 लोगों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के पास से माचिस, कुल्हाड़ी, चाकू, फावड़ा, हाजिरी पंजी, काटी गई लकड़ियां, साइकल, खाने तथा बिस्तर आदि सामग्रियां जब्त की गई है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय नगरी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। गिरफ्तार 22 आरोपियों में शामिल 5 महिलाओं को महिला प्रकोष्ठ केंद्रीय कारागार रायपुर तथा 17 पुरूषों को जिला जेल में दाखिल किया गया।

उपनिदेशक श्री जैन ने बताया कि इस प्रकरण का पीओआर 24 अप्रैल को दर्ज किया गया है।




#### जमानत में है आरोपी, पूर्व में भी है मामला दर्ज

वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी पीओआर दर्ज है। 26 अप्रैल 2023 तथा 12 जून 2023 में मामला पंजीबद्ध है जिसमें न्यायालय की जमानत शर्तों का उल्लंघन एवं आदेश की अवमानना करते हुए तीसरी बार वन अपराधकारित किया है। वर्तमान में प्रकरण के शेष 25 आरोपी फरार हैं, जिसका पता लगाया जा रहा है।

# निगम क्षेत्र में आवारा कुत्तों का नसबंदी अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर में नगर निगम ने पशु जनसंख्या नियंत्रण अभियान को तेज कर दिया है। यह अभियान सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप संचालित किया जा रहा है, जिसमें पशुओं के प्रति मानवीय व्यवहार को प्राथमिकता दी जा रही है।

निगम द्वारा दानीटोला वार्ड स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड में स्नेह डॉग वेलफेयर एजेंसी के माध्यम से कुत्तों का बधियाकरण (नसबंदी) कार्य लगातार किया जा रहा है। इस प्रक्रिया के तहत आवारा कुत्तों को पकड़कर उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। इसके बाद नसबंदी कर उन्हें सुरक्षित तरीके से उसी क्षेत्र में छोड़ा जाता है। इस उपाय से कुत्तों की संख्या नियंत्रित होने के साथ ही उनकी आक्रामकता में भी कमी आती है।



प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी कमलेश ठाकुर ने बताया कि अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं और डॉग बाइट की घटनाओं में कमी लाने की दिशा में यह पहल कारगर साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य केवल संख्या नियंत्रण नहीं, बल्कि पशु संरक्षण और जनसुरक्षा के बीच संतुलन बनाना भी है।

नगर निगम ने शहरवासियों से अपील की है कि वे इस अभियान में सहयोग करें और आवारा कुत्तों से संबंधित किसी भी समस्या की जानकारी निदान 1100 पर दें। यह पहल शहर में सुरक्षा बढ़ाने के साथ-साथ संवेदनशील और मानवीय दृष्टिकोण को भी मजबूत कर रही है।

**इतवारी बाजार अपडेट**

**भटा 20, कुंदरु 30, करेला 30, ग्वारफली 40 रुपए किलो बिका**

# हरी सब्जियों के दाम सामान्य उपभोक्ताओं को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

आमतौर पर अप्रैल माह में भीषण गर्मी के चलते हरी सब्जियों के दाम बढ़ जाते हैं, लेकिन इस बार स्थिति अलग नजर आ रही है। धमतरी के बाजारों में हरी सब्जियां सामान्य दर पर उपलब्ध हैं, जिससे उपभोक्ताओं को काफी राहत मिली है और घरों का बजट भी संतुलित बना हुआ है।

इतवारी बाजार सहित शहर के अन्य बाजारों में हरी सब्जियों की अच्छी आवक देखने को मिल रही है। खासकर हरी पत्तेदार भाजी की भरपूर उपलब्धता है, जिसे लोग बड़े चाव से खरीद रहे हैं। सब्जी व्यवसायी कैलाश शंकर के अनुसार इस बार मौसम की परिस्थितियों और पर्याप्त आपूर्ति के कारण सब्जियों के दाम नियंत्रित हैं।

रविवार को बाजार में भटा 20 रुपए किलो, गाजर 30 रुपए, कुंदरु 30 रुपए, करेला 30 रुपए, बरबटी 30 रुपए, भिंडी 30 रुपए, ग्वारफली 40 रुपए, कद्दू 20 रुपए, टमाटर 20 रुपए, गोभी 30 रुपए, मुनगा 80 रुपए, हरी मिर्च 80 रुपए, केला 20 रुपए, पत्तागोभी 20 रुपए, लौकी 10 रुपए, शिमला मिर्च 50 रुपए, परवल 50 रुपए और कटहल 40 रुपए किलो के भाव से बिके। इसके अलावा कोचई 60 रुपए, हरा धनिया 80 रुपए और मूली 20 रुपए किलो रहा।



किराना बाजार में भी जरूरी वस्तुओं के दाम सामान्य बने हुए हैं। आलू 15 रुपए किलो, प्याज 20 रुपए, लहसुन 130 रुपए, सरसों 90 रुपए, अरहर दाल 120 रुपए, मूंग दाल 100 रुपए, मसूर दाल 90 रुपए, चना दाल 80 रुपए और उड़द दाल 110 रुपए किलो बिक रही है। वहीं रिफाइंड तेल 140 रुपए प्रति लीटर और अंडा 75 रुपए दर्जन के भाव पर उपलब्ध है।

व्यापारियों का कहना है कि सब्जियों की पर्याप्त आवक बनी रही तो आने वाले दिनों में भी दाम स्थिर रह सकते हैं। फिलहाल उपभोक्ता सस्ते दाम पर सब्जियां खरीदकर राहत महसूस कर रहे हैं।

# एक साथ निकली 38 बटुकों की बारात

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ब्राह्मण समाज के प्रदेश स्तरीय उपनयन संस्कार में प्रदेशभर से लोग पहुंचे थे। किले के श्रीराम मंदिर में 38 बटुकों का उपनयन संस्कार धूमधाम से हुआ। शाम को भागवत की शोभायात्रा और बटुकों की बारात एक साथ निकाली गई।

- **किले के श्रीराम मंदिर में भागवत महापुराण का हुआ समापन**

ब्राह्मण समाज द्वारा अक्षय तृतीया के उपलक्ष्य में किले के श्रीराम मंदिर में श्रीमद भागवत महापुराण का आयोजन किया गया था। रविवार को नौ दिवसीय इस भागवत महापुराण का समापन हुआ। सुबह गीता पाठ, तुलसी वर्षा के बाद सामूहिक यज्ञोपवित संस्कार समारोह शुरू हुआ। भागवताचार्य पंडित अशोक शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच बटुकों का विधिवत संस्कार कराया। इस दौरान बटुकों ने पारंपरिक वेश में संस्कृत में परिजन सहित अन्य लोगों से भिक्षा ग्रहण किया। गायत्री मंत्र की दीक्षा एवं दंड धारण करने की रस्म ने वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। माना जाता है कि उपनयन संस्कार बटुकों का आध्यात्मिक विवाह है, जिसमें वह गायत्री मंत्र की दीक्षा लेकर ब्रह्मचर्य आश्रम में प्रवेश करने संकल्प लेता है। इसे संस्कार को शादी ब्याह के जैसा ही मता है। इसी के चलते सभी 40 बटुकों को दूल्हे के वेश में तैयार किया गया। शाम को सभी बटुकों की बारात भी निकाली गई। इसी बारात के साथ भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई। कार्यक्रम में सर्व ब्रह्मण समाज युवा मंच और महिला मंच के विक्रांत शर्मा, प्रभा मिश्रा, नारायण दुबे, हेमा दुबे, दीपक दुबे, लोकेश मिश्रा, राकेश तिवारी, प्रीति तिवारी, देवेंद्र मिश्रा, पीयूष पांडे, नरेशचंद्र श्रोती, जयप्रकाश झा, अजय शर्मा आदि उपस्थित थे।



#### लगेगी परशुराम की आकर्षक प्रतिमा

कार्यक्रम में महापौर रामू रोहरा शामिल हुए। उन्होंने भगवान परशुराम की आकर्षक प्रतिमा का शीघ्र अनावरण करने की घोषणा की। इसके अतिरिक्त श्रीराम मंदिर से लगा हुआ मौली माता का मंदिर है। यह मंदिर काफी जीर्ण हो चुका है। एक शेड जैसा मंदिर है। महापौर श्री रोहरा ने मंदिर उत्थान में सहयोग देते हुए 51 हजार रुपए की घोषणा की। अजय शर्मा ने भी 11 हजार रुपए की घोषणा की। कार्यक्रम में समाज के प्रदेशाध्यक्ष ललित मिश्रा भी शामिल हुए।

### देमार के ग्रामीण गर्मी शुरू होते ही जलस्तर की समस्या से जूझ रहे

# बीस साल से गर्मी में पानी की कमी दे रहा दर्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पिछले 20 साल से ग्राम देमार में लोग हर गर्मी में पानी संकट झेलते हैं। पुराने नलकूप ने जबाव दे दिया है। करीब 300 फीट नया नलकूप खोदा गया है। उसमें भी ढंग से पानी नहीं आ रहा है। स्थिति यह है कि ग्रामीणों को पानी के लिए दर दर भटकना पड़ रहा है।

साढ़े 2 हजार आबादी और 1254 परिवार वाले ग्राम देमार में ग्रामीण हर साल गर्मी शुरू होते ही पानी के लिए जूझते हैं। ग्रामीण चित्रांश रजक, पुनेश्वर निर्मलकर, चद्रहास यादव ने बताया कि धान की खेती के बढ़ते चलन से यह समस्या पैदा हुई है। पिछले 15-20 साल से गर्मी में जलस्तर काफी नीचे चला जाता है। यहां पर हायर सेकेंडरी स्कूल में पुराना पानी टंकी है। मोटरपंप की धार इतनी पतली हो जाती है तो यह पूरी तरह से भर नहीं पाता है। अंगेश्वर मंडावी ने बताया कि जिस नलकूप से टंकी में पानी जाता था, इस साल उस नलकूप ने दम तोड़ दिया है। नया नलकूप खनन किया गया है। करीब 450 फीट गहरा खुदाई होने के बाद भी पानी पर्याप्त नहीं है। ऐसे में ग्रामीणों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। बीच बस्ती में स्थिति काफी खराब है।

#### घर के मोटरपंप भी फेल





तुलेश कुंभकार ने बताया कि पंचायत के जल प्रदाय सिस्टम से परेशान होकर उन्होंने नलकूप खनन करवाया है, वह भी फेल है। मोटरपंप 10 मिनट चलने के बाद बंद हो जाता है। रामकुमार पटेल ने बताया कि दो साल पहले उन्होंने नलकूप खनन करवाया था। गर्मी में यह नलकूप सूख जाता है। तीन मिनट के बाद ही पानी बंद हो जाता है।

#### जल जीवन मिशन हैंडओव्हर नहीं

जल जीवन मिशन के तहत यहां पर छाटा तालाब के पास पानी टंकी बनाया गया है। घर घर नल कनेक्शन भी दिए गए हैं, लेकिन अभी तक काम कम्पलीट नहीं हुआ है। पाइप लाइन के सड़क खोदे गए हैं। जिसके चलते कई घरों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है।



#### नहीं है समस्या

इस साल अधिकांश किसानो ने चना की फसल लगाई थी, जिसके चलते कृषि पंप बंद हैं, भू जलस्तर पिछले सालों की तुलना बेहतर है। जल जीवन मिशन से घर घर पानी पहुंचाया जा रहा है। सड़क किनारे वाला एरिया ड्राई जोन है, जिसके चलते वहां पर थोड़ी समस्या है।

**- बिमलेश मीनपाल,**
*सरपंच ग्राम पंचायत देमार*

**टाइगर रिजर्व के गोडेना जलप्रताप का मामला एंटीपोचिंग टीम का जीरो टालरेंस**

# पानी में जहर मिलाने वाले तीन शिकारी हुए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गोडेना जलप्रपात के पानी में विषैले पत्तों को मिलाकर वन्य प्राणी एवं मछली का शिकार करने का प्रयास करने वाले तीन शिकारियों को एंटीपोचिंग टीम ने गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपियों को देवभोग न्यायालय में पेश करने के बाद गरियाबंद जेल में दाखिल कराया गया है।

टाइगर रिजर्व से प्राप्त जानकारी के अनुसार उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व अंतर्गत परिक्षेत्र इंदागांव/धुरवागुडी बफर के पीपलखूंटा सर्कल में वन कर्मचारियों एवं पेट्रोलिंग श्रमिकों ने पैदल गश्त के दौरान गोडेना जलप्रपात के प्रवाहित जल को फावड़ा की सहायता से रोककर मछली एवं वन्य प्राणी के शिकार के उद्देश्य से पानी में वनक्षेत्र के विषैले पत्तों को मिलाते हुए पकड़ा। इस अपराध में शामिल ओडिशा के ग्राम अछला थाना रायघर निवासी चमरू कमार, लखीराम कमार, संजय कुमार को पकड़कर एंटीपोचिंग टीम ने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया। इस कार्रवाई में गरियाबंद पुलिस एवं एंटी पोचिंग टीम इंदागांव बफर के सहायक परिक्षेत्र अधिकारी भूपेंद्र सोनी, वनरक्षक रुस्तम यादव, पामेश्वरी नेताम, ललिता मरकाम, पुनीतराम ध्रुव, जानकीबाई गिरधारी, देवीसिंग, तुंडाराम नेताम, पेट्रोलिंग श्रमिक एवं सुरक्षा श्रमिकों का योगदान रहा।



## खबर संक्षेप

### सार्वजनिक शराबखोरी दो चढ़े पुलिस के हत्थे

**कांकेर।** सार्वजनिक स्थान पर शराब पिने वाले दो व्यक्तियों के खिलाफ बांदे पुलिस ने अबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 25 अप्रैल को शाम पौने 8 बजें बांदे के तालाब पास रोड किनारे आरोपी छोटेबेठिया थानांतर्गत खंडीपारा निवासी 41 वर्षीय शंभु मंडल पिता मिताई मंडल और गोण्डाहुर थानांतर्गत बैकुण्ठपुर निवासी 30 वर्षीय मनीमोहन सरकार पिता अर्जुन सरकार सार्वजनिक स्थान पर शराब पी रहें थे। आरोपियों के खिलाफ धारा 36 (च) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### युवक ने फांसी लगा की खुदकुशी, कारण अज्ञात

**कांकेर।** भानुप्रातपपुर थानांतर्गत शीतलापारा भानुप्रतापपुर निवासी 20 वर्षीय राहुल नेताम पिता नवल राम ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक ने 25 अप्रैल को अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा लिया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### कृषि व्यापरियों ने बंद का किया समर्थन

**कांकेर।** छग एग्रो इनपुट डिलर्स एसोसिएशन द्वारा विभिन्न मांगो को लेकर 27 अप्रैल को देश व्यापी बंद का आयोजन किया गया है। इसे चारामा के व्यापारियों ने पूर्ण समर्थन दिया है। इस व्यवासय से जुड़े व्यापरियों ने बताया कि संगठन कि मांग में खाद पर ट्रैकिंग बंद हो, रिटेल गोदाम तक एफओआर पहुंचे, डिलर मार्जिन 8 प्रतिशत, सैंपल फेल कंपनियों पर कार्यवाही हो। डिलर गवाह रहें। बीच साथी पोर्टल कंपनियों तक सीमित हो व अन्य मांगे शामिल है।

### गर्मी से दुर्गूकोंदल बेहाल तापमान 43 डिग्री के पार

**दुर्गुकोंदल।** क्षेत्र में इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। दुर्गुकोंदल सहित आसपास के पूरे अंचल में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, जिससे लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। तेज धूप, गर्म हवाओं के थपेड़े और बढ़ती उमस ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है। दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा नजर आ रहा है, वहीं बाजारों में भी लोगों की आवाजाही कम हो गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी हालात कमोबेश ऐसे ही बने हुए हैं। मौसम विभाग के अनुसार अगले एक सप्ताह तक गर्मी से राहत मिलने के कोई खास आसार नहीं हैं। तापमान में और बढ़ोतरी होने की संभावना जताई जा रही है, जिससे लू का खतरा भी बढ़ गया है। इधर, स्वास्थ्य विभाग ने लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी करते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। विभाग ने खासकर बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को दोपहर के समय घर से बाहर न निकलने की सलाह दी है और साथ ही अधिक से अधिक पानी पीने, हल्के व ढीले कपड़े पहनने और धूप में निकलते समय सिर को ढककर रखने की हिदायत दी गई है।

# सिग्नल देने के बजाय खतरे की घंटी बजा रहा बीएसएनएल टावर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

डिजिटल इंडिया की दौड़ में धमतरी का ग्राम सिलौटी एक ऐसी अजीब सुस्ती का गवाह बना है, जहां 15 साल पहले संचार क्रांति के नाम पर लोहे का एक विशाल ढांचा तो खड़ा कर दिया गया, लेकिन उसमें जान फूंकना विभाग भूल गया। आलम यह है कि डेढ़ दशक से बिजली कनेक्शन और जनरेटर का इंतजार कर रहा यह बीएसएनएल टावर अब अपनी सुरक्षा के लिए ही नेटवर्क तलाश रहा है।

- पावर हाउस तैयार, पर जनरेटर का अता-पता नहीं

कोर्रा क्षेत्र के सिलौटी-जोरातराई मार्ग पर तालाब के किनारे स्थित यह टावर सरकारी फाइल में भले ही एक उपलब्धि हो, लेकिन हकीकत में यह विभागीय लापरवाही का स्मारक बन चुका है। टावर के साथ बना पावर हाउस आज भी खाली पड़ा है न वहां जनरेटर पहुंचा और न ही विभाग ने बिजली का तार खिंचवाने की जहमत उठाई। 15 सालों से यह टावर महज एक मूकदर्शक बनकर खड़ा है, जिससे उपभोक्ताओं में भारी नाराजगी है।

## 15 साल से करंट सप्लाई का इंतजार और अब चोरों का वार

### कबाड़ चोरों के लिए मददगार बनी विभागीय सुस्ती

जब विभाग ने मुंह फेरा, तो असामाजिक तत्वों ने इस पर हाथ साफ करना शुरू कर दिया। सुनसान जगह का फायदा उठाकर कबाड़ चोर रात के अंधेरे में टॉवर के सपोर्टिंग एंगल और कीमती नट-बोल्ट गायब कर रहे हैं। अब तक कई क्विंटल लोहा चोरी हो चुका है, जिससे टावर अंदर से खोखला और कमजोर हो गया है। सरकारी संपत्ति की इस लूट की भनक तक विभाग को नहीं है।



### कभी भी ढह सकता है यह लोहे का पहाड़

यह टावर अपने निर्माण के शुरुआती दिनों में ही आंधी-तूफान का कहर नहीं झेल पाया था और धराशायी हो गया था। अब जब इसके मुख्य सपोर्टिंग पार्ट्स ही गायब हो रहे हैं, तो यह कभी भी किसी दिशा में गिर सकता है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि यदि यह जर्जर ढांचा किसी राहगीर या मवेशी पर गिरा, तो क्या विभाग इसकी जिम्मेदारी लेगा ?

### ग्रामीणों ने जताई चिंता

स्थानीय निवासी सोमप्रकाश साहू, नितेश साहू, रामलाल साहू, राजेश साहू, संतोष साहू , अजीत कुमार और अन्य साथियों ने कहा कि हम 15 साल से टावर को सिर्फ देख रहे हैं, इसका लाभ कभी नहीं मिला। हमें नेटवर्क की उम्मीद तो अब कम है, पर यह टावर हमारी जान का दुश्मन न बने, प्रशासन बस इतना सुनिश्चित कर दे।

युवा फेस्ट कार्यक्रम के समापन समारोह में वरिष्ठ पत्रकार सौरभ द्विवेदी का प्रेरक संबोधन, दहेज और सामाजिक सोच पर की खुली बात

# युवाओं को दिया सकारात्मक जीवन का मंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

युवा फेस्ट कार्यक्रम के समापन समारोह में वरिष्ठ पत्रकार सौरभ द्विवेदी ने अपने प्रभावशाली और प्रेरक संबोधन से जनसमूह को गहराई से प्रभावित किया। आयोजकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

अपने संबोधन की शुरुआत में सौरभ द्विवेदी ने रविवार की शाम लोगों का समय लेने के लिए सहज अंदाज में माफी मांगी और कहा कि श्रोताओं का यहां उपस्थित होना उनकी महानता को दर्शाता है। उन्होंने छात्रों और युवाओं की सराहना करते हुए कहा कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद उनका कार्यक्रम में शामिल होना सराहनीय है। उन्होंने अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि वे वही बातें कहते हैं, जिन्हें खुद अपने जीवन में अपनाते हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने पांच वर्ष पहले सिगरेट छोड़ दी और अब युवाओं को नशे से दूर रहने की सलाह देते हैं। उन्होंने अपने विवाह में दहेज नहीं लिया। उन्होंने दहेज प्रथा को समाप्त करने की आवश्यकता पर जोर दिया।





### मैदान में जाकर सीखें

उन्होंने युवाओं को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की सलाह दी। उनका कहना था कि व्यक्ति के न रहने पर उसकी जगह समाज में कोई और ले सकता है, लेकिन परिवार में उसकी कमी कभी पूरी नहीं होती। इसलिए स्वयं की देखभाल सबसे जरूरी है। उन्होंने इंटरनेट आधारित अधूरी जानकारी से बचने और मैदान में जाकर सीखने, खेलने और अनुभव प्राप्त करने की बात कही।

### युवा अपनी उर्जा सकारात्मक कार्यों में लगाएं

उन्होंने युवाओं को ईर्ष्या, कुंठा और समय की बर्बादी से दूर रहने की सलाह दी और कहा कि हर दिन को सीखने, मेहनत और सकारात्मक कार्यों में लगाना चाहिए। उन्होंने सरकारी नौकरी की तैयारी में वर्षों तक बिना दिशा के समय गंवाने पर चिंता जताई और युवाओं से अपने समय और ऊर्जा का सही उपयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने छग की जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें यहां हमेशा स्नेह और सम्मान मिलता है।

### स्वास्थ्य को दें प्राथमिकता

महिलाओं की सुंदरता को लेकर उन्होंने समाज में फैली धारणाओं को गलत बताया और कहा कि सुंदरता बाहरी रूप, फैशन या रंग-रूप से नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, आत्मविश्वास और मेहनत से तय होती है। उन्होंने महिलाओं से अपने पोषण और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। उन्होंने समाज में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि जब तक कार्यस्थलों, खेल मैदानों और शिक्षा संस्थानों में महिलाओं की सक्रिय उपस्थिति नहीं बढ़ेगी, तब तक वास्तविक विकास संभव नहीं है। उन्होंने युवाओं को सामाजिक बंधनों को तोड़कर अपनी क्षमता के अनुसार आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम को महापौर रामू रोहरा ने भी संबोधित किया। मंच पर कलेक्टर, डीएफओ एवं जिला स्तर के वरिष्ठ अधिकारी कर्मचारी एवं सैकड़ों युवा उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार भी दिया गया।

### महिलाओं का करें सम्मान

सौरभ द्विवेदी ने छत्तीसगढ़ महतारी की अवधारणा को समझाते हुए कहा कि यह केवल प्रतीक नहीं, बल्कि हमारे घर की महिलाएं मां, बहन, पत्नी और बेटियां ही असली स्वरूप हैं। यदि हम वास्तव में इसका सम्मान करना चाहते हैं, तो हमें महिलाओं की सेहत, पोषण और उनके रोजगार की चिंता करनी होगी।

### शिक्षा ही सबसे बड़ा धन

सौरभ द्विवेदी ने शिक्षा को सबसे बड़ा धन बताते हुए कहा कि इसे कोई छीन नहीं सकता। उन्होंने युवाओं को हर दिन कुछ नया सीखने, सवाल पूछने और जिज्ञासु बने रहने की सलाह दी। उन्होंने -मैं नहीं जानता- को सीखने की शुरुआत बताते हुए इसे अपनाने का संदेश दिया।

## 14 हितग्राहियों के आवेदन स्वीकृत, स्वरोजगार को मिली नई दिशा

**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में मगरलोड जनपद पंचायत में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रतिभागियों को योजना के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसरों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम में 35 प्रतिशत अनुदान की सुविधा, उद्योग स्थापना की प्रक्रिया तथा फूड प्रोसेसिंग से जुड़े संभावित व्यवसायों के बारे में विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया गया। अधिकारियों ने बताया कि इस योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं और किसानों को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिल रहा है। इस अवसर पर जनपद पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या ठाकुर, उद्योग विभाग की प्रबंधक प्रचेता किरण एवं डीआरपी डॉ. संदीप मेश्राम सहित कृषि, उद्यानिकी और अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। क्षेत्र के कृषकों और ग्रामीण हितग्राहियों ने भी भाग लिया। कार्यशाला के दौरान कुल 14 हितग्राहियों के आवेदन स्वीकृत किए गए, जिससे उन्हें शीघ्र ही योजना का लाभ मिल सकेगा। लोगों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करते हुए योजना का अधिकतम लाभ उठाने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

# राज को शूटिंग में गोल्ड, वंदिता ने जीता ब्रांज, अब नेशनल में दिखाएंगे अपना दम

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय कुरूद के निशानेबाजों ने संभाग में गाड़े सफलता के झंडे

### ऐतिहासिक उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

महासमुंद में आयोजित केन्द्रीय विद्यालय संगठन (रायपुर संभाग) की संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 2026 में पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय कुरूद के खिलाड़ियों ने नया इतिहास रच दिया है। विद्यालय के इतिहास में पहली बार राइफल शूटिंग स्पर्धा में उतरे खिलाड़ियों ने न केवल अपना कौशल दिखाया, बल्कि स्वर्ण और कांस्य पदक जीतकर सबको हैरत में डाल दिया। प्रतियोगिता के सबसे कड़े मुकाबलों में से एक 10 मीटर ओपन साइट एयर राइफल (अंडर-19 बालक वर्ग) में कुरूद के राज निषाद ने अचूक निशाना साधते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। वहीं अंडर-14 बालिका वर्ग में कक्षा 6वीं की छात्रा वंदिता साहू ने पहली बार राइफल थामकर अपनी एकाग्रता का परिचय दिया और कांस्य पदक जीतकर दर्शकों की वाहवाही लूटी।

### ताइक्वांडो में दिब्यांश ने जीता सिल्वर

निशानेबाजी के अलावा ताइक्वांडो में भी कुरूद का दबदबा रहा। केन्द्रीय विद्यालय दुर्ग में आयोजित संभाग स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के अंडर-17 वर्ग में दिब्यांश पटेल ने उत्कृष्ट तकनीकी दक्षता दिखाते हुए रजत पदक अपने नाम किया। इन तीनों खिलाड़ियों का चयन अब राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता 2026 के लिए हो गया है।

### सीमित संसाधन, असीम हौसला

खिलाड़ियों की इस जीत की खास बात यह रही कि उन्होंने बहुत ही साधारण उपकरणों और सीमित संसाधनों के बीच अभ्यास कर यह मुकाम हासिल किया है। प्रशिक्षक एसके पाण्डेय के मार्गदर्शन में खिलाड़ी निरंतर पसीना बहा रहे हैं। खिलाड़ियों ने अपनी जीत का श्रेय प्राचार्या श्रीमती ग्लोरिया मिंज, अपने माता-पिता और शिक्षकों के सहयोग को दिया है।

### मेहनत और दृढ़ संकल्प के आगे संसाधन मायने नहीं रखते



राज निषाद वन्दिता साहू

विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती ग्लोरिया मिंज ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने सिद्ध कर दिया कि मेहनत और दृढ़ संकल्प के आगे संसाधन मायने नहीं रखते। यह पूरे कुरूद नगर के लिए गौरव का विषय है। हमें उम्मीद है कि नेशनल में भी हमारे खिलाड़ी पदक जीतकर लौटेंगे।

### सेवानिवृत्त व्याख्याता राधेश्याम को दी विदाई

**जीजामगांव।** शासकीय हाई स्कूल सिलीडीह के व्याख्याता राधेश्याम दीवान की सेवानिवृत्ति पर उन्हें संकुल के शिक्षक-शिक्षिकाओं के द्वारा विदाई दी गई। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि राधेश्याम दीवान रहे तथा विशिष्ट अतिथि विकासखंड स्त्रोत समन्वयक कुरुद कुलेश्वर सिन्हा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था की प्राचार्य श्रीमती ज्योत्सना राजपूत ने की।










